रणजीत टाइम्स
वर्ष : 1, अंक: 139 इंदौर, गुरुवार 29 मई 2025
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
DIGITAL EDITION

# हाथों से प्रवाहित होने वाले चैतन्य व स्पर्श के विज्ञान को समझें सहजयोग से



## हाथों से प्रवाहित होने वाले चैतन्य व स्पर्श के विज्ञान को समझें सहजयोग से

**रंजीत टाइम्स**

जब हम किसी का स्पर्श करते हैं तब उंगलियों के पोर ही सर्वप्रथम स्पर्श का आभास पाते हैं। कई बार किसी का स्पर्श करते ही हमें नकारात्मकता का बोध होता है और हम तत्काल हाथ पीछे खींच लेते है। जब हम सहज योग से जुड़ते हैं और आत्मसाक्षात्कार पाते हैं तब विद्युत के प्रवाह सा, पर शीतल चैतन्य हमारे संपूर्ण शरीर में प्रवाहित होने लगता है और उंगलियों के अग्रभाग पर यह सर्वाधिक केंद्रित होता है।

हथेली सदैव हमारी संवेदनाओं की वाहक रही है। जब भी हम किसी को तसल्ली देना चाहते हैं, आश्वस्त करना चाहते हैं तब हमारी हथेली स्वयंमेव उनके कंधे या हाथों का स्पर्श कर हमारी संवेदना उनतक पहुंचाने का प्रयास करती है। धन्वंतरि जी जिन्होंने 'चिकित्सातत्त्वविज्ञानतन्त्र' की रचना की थी, उन्हें संपूर्ण विश्व जानता और मानता है, वे संक्रमण रोग से बाधित व्यक्ति में अपने उंगलियों के पोर से विद्युत सम अपनी आंतरिक ऊर्जा प्रवाहित कर उन्हें रोग मुक्त कर दिया करते थे। कालांतर में स्पर्श चिकित्सा भी विकसित हुई थी। कई गुरु अपने स्पर्श से मरीजों को निरोगी बना देते थे। आज कलियुग में सामान्य मानव भी बड़ी सहजता से उंगलियों के पोर पर चैतन्य की अनुभूति पा लेता है और अपने स्वयं के अंदर या किसी और व्यक्ति के अंदर समस्या कहां है इसे चैतन्य के माध्यम से जान पाता है। इस ईश्वरीय ऊर्जा की अनुभूति पाने के लिए हमें अपनी ही आत्मा से जुड़ना होगा। हमारी आत्मा हमारे अंदर है, पर हम सदैव उससे जुड़े हुये नहीं होते हैं। अपनी आत्मा से जुड़ने के लिए हमारे अंदर शुद्ध इच्छा होनी चाहिए और अपनी बुद्धि और अहंकार से परे होते हुये हमें परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी प्रणीत सहज योग के माध्यम से आत्मसाक्षात्कार लेकर रोज कुछ देर ध्यानरत रहने का अभ्यास करना होगा।हमारे अंदर स्थित सूक्ष्म शरीर की नाड़ियाँ हमारी हथेली व उंगलियों से जुड़ी हुई हैं। जब सहज योग की पद्धति से हम ध्यान करते हैं तब चैतन्य प्रवाह शीतल व निर्बाध होता है। पर यदि हमारे अंदर कहीं अस्वस्थता हो या कोई बाधा हो तो जिस जगह समस्या है वहां स्थित चक्र से हमारी संबंधित उंगली में गर्म चैतन्य या चुभन का आभास होता है ऐसे में हम उस चक्र पर कुछ देर ज्यादा ध्यान कर अपनी समस्या से निजात पाते हैं। दूसरों को भी यदि आवश्यकता हो तो सहज योगी अपनी हथेली के माध्यम से उन्हें चैतन्य देते हैं ताकि उनके अंदर यदि कहीं कुछ नकारात्मक हो तो उसे दूर कर सके। तब भी संबंधित व्यक्ति के अंतर्स्थिति का आभास उंगलियों के पोर पर हो जाता है। इस घोर कलियुग में इस ईश्वरीय अनुभूति को समझना अद्भुत संयोग ही होगा। हर व्यक्ति को इसे पाने का अधिकार है। पेड़ पौधे, पशु पक्षी व अपने आसपास के पर्यावरण को भी चैतन्य से सुरक्षित कर सकते हैं। तो चलिए इस अद्भुत ज्ञान को जिसे आध्यात्म का विज्ञान भी कहते हैं, उससे जुड़ें और अपनी अंतरआत्मा से जुड़कर हम अपनी हथेलियों पर अपने संपूर्ण शरीर की स्थिति को समझें और अपने चिकित्सक स्वयं बनें। सहज योग निशुल्क भी है और आसान भी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी हेतु टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 वेबसाइट www.sahajayoga.org.in

# प्रकृति ने किया माँ नर्मदा के हाटपीपल्या आगमन पर जलाभिषेक एक दिन पूर्व एवं कार्यक्रम के वक्त भी खूब बरसा पानी

**रंजीत टाइम्स**

**संजय प्रेम जोशी**

देवास मां नर्मदा के आशीर्वाद से अब हाटपीपल्या क्षेत्र को नागरिकों को पेयजल उपलब्ध होगा, वहीं किसानों को भी सिंचाई की सुविधा मिलेगी। यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज हाटपीपल्या में विभिन्न कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज हाटपीपल्या में लगभग 60 करोड़ रुपए की लागत के 20 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लगभग 130 करोड़ रुपए की लागत के 65 विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश में इंदौर, देवास, उज्जैन, शाजापुर जिले का मक्सी, धार का धार एवं बदनावर को मेट्रोपोलियन झोन बनाया गया है, जिससे विकास के नए कीर्तिमान बनेंगे। उन्होंने किसानों से कहा कि वे अपनी जमीन नहीं बेचना। मां नर्मदा के माध्यम से क्षेत्र की वर्षों पुरानी प्यास बुझाने का कार्य होगा। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा का जल शुद्ध है। हमारे यहां केवल मां नर्मदा की परिक्रमा कर आशीर्वाद लिया जाता है। प्रदेश में वर्ष 2003 तक कुल 7लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होती थी, जो बढ़कर 55 लाख हेक्टेयर क्षेत्र हो गई है। उन्होंने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए 5 रुपए में विद्युत कनेक्शन देंगे। प्रदेश में गेहूं सर्वाधिक पैदावार हुई है। किसानों से हमने 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदा। प्रदेश में उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार काम कर रही है। किसानों को अधिक से अधिक आमदनी हो इसके लिए प्रदेश सरकार लगातार प्रयासरत है। जगह-जगह कृषि मेले लगाए जा रहे है। कृषि मेले लगाकर उन्नत बीजों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, वहीं आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन कर उनके उपयोग के बारे में प्रशिक्षित भी किया जा रहा है। किसानों के अनुदान देकर उन्हें आधुनिक खेती की ओर अग्रसर कर उनकी बेहतरी के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। साथ ही प्रदेश सरकार कृषि आधारित उद्योगों भी लोगों को प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहा कि दीपावली, दशहरों पर हर वर्ष मेले लगते है, किंतु किसानों की भलाई के लिए कृषि मेले लगा रहे हैं। माह अक्टूबर में भोपाल में कृषि मेला लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को गाय पालन कर प्रदेश में दुग्ध उत्पादन के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। गोपालन को प्रोत्साहन देने



के लिए 25 से अधिक गाय पालन वाले किसानों को 25 प्रतिशत अनुदान भी देंगे। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि प्रदेश दुग्ध उत्पादन में शीर्ष पर आएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सड़कों पर विचरण करने वाले पशुओं के लिए नगर निगमों को 10 हजार पशुओं की क्षमता गोशाला निर्माण के लिए राशि उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे अब सड़कों पर पशुओं का विचरण समाप्त होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तीर्थों का भी विकास किया जा रहा है। इस तारतम्य में विगत दिवस इंदौर में संपन्न हुई केबिनेट बैठक में ओंकारेश्वर तीर्थ के विकास के लिए 2250 करोड़ रुपए देने का प्रस्ताव पारित किया गया है, वहीं सलकनपुर, दतिया, नलखेड़ा, मैहर आदि 19 धार्मिक नगरों में शराब बंदी की गई है। लोकमाता मां अहिल्या देवी ने नागरिकों के कल्याण के लिए विभिन्न लघु उद्योग स्थापित किए और रोजगार को बढ़ावा दिया, वहीं विधवा के पुर्नविवाह के लिए भी उनके द्वारा काम किया गया। लोकमाता अहिल्या देवी की 300वीं जयंती पर प्रदेश में विधवा विवाह के प्रोत्साहन देने एवं उनके कल्याण के लिए दो लाख रुपए प्रति महिला आर्थिक सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में शुरू की गई राहवीर योजना के बारे में कहा कि सड़कों पर दुर्घटना में घायल हुए व्यक्तियों को बचाने के लिए अस्पतालों में पहुंचाने पर 25 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मानव जीवन बहुमूल्य है और इसे बचाना हमारा काम है।प्रदेश में स्वसहायता समूह के माध्यम से बहनों के आर्थिक कल्याण का कार्य भी तेज गति से हो रहा है। इससे महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बनकर उभर रही है। प्रदेश के नागरिकों के सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शीघ्र ही सुगम बस सुविधा प्रारंभ की जाएगी।

इस मौके पर उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी सहित देश की जनता को बधाई संदेश देते हुए कहा कि माता-बहनों के सिंदूर को उजाड़ने वाले पाकिस्तान को अच्छा सबक सिखाया गया है। हमारे देश की सेना मजबूत है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हाटपीपल्या के नागरिकों के 31 मई को भोपाल आने का भी आमंत्रण दिया। 31 मइ को भोपाल में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में सम्मलित होंगे। साथ ही यहीं से वे इंदौर की मेट्रो ट्रेन तथा सतना एवं दतिया में हवाई पट्टी के लोकार्पण के साथ अनेक कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा, खंडवा सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक श्री हाटपीपल्या श्री मनोज चौधरी, देवास विधायक श्रीमती गायत्री राजे पवार, सोनकच्छ विधायक डॉ राजेश सोनकर, विधायक बागली श्री मुरली भंवरा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लीला अटारिया, महापौर श्रीमती गीता अग्रवाल, श्री रायसिंह सेंधव, नगर निगम अध्यक्ष श्री रवि जैन, पूर्व देवास विकास प्राधिकरण अध्यक्ष श्री राजेश यादव, श्री दुर्गेश अग्रवाल, श्री भेरूलाल अटारिया, श्री नंदकिशोर पाटीदार, श्री नारायण चौधरी, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रकांता अरूण राठौर, श्री मनीष सोलंकी,श्रीसंजय प्रेम जोशी (अध्यक्ष जनपरिषद चैप्टर हाटपीपल्या ) श्री भरत चौधरी अन्य जनप्रतिनिधिगण, सहित संभागायुक्त श्री संजय गुप्ता, एडीजीपी श्री उमेश जोगा, डीआईजी श्री नवनीत भसीन, कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री पुनीत गेहलोत, जिला पंचायत सीईओ सुश्री ज्योति शर्मा, सहित अन्य अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# पुण्यश्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी की त्रिशताब्दी जन्मजयंती वर्ष के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण दौड़

रंजीत टाइम्स

=इंदौर। पुण्यश्लोका लोक माता देवी अहिल्याबाई जी होलकर जी की त्रिशताब्दी जन्मजयंती वर्ष के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में दौड़ प्रतियोगिता संपन्न हुई। माता अहिल्या को समर्पित महिला सशक्तिकरण दौड़ शहर की हृदयस्थली राजवाड़ा से रीगल चौराहे तक आयोजित गई नारी शक्ति और माता अहिल्याबाईजी होलकर को समर्पित रही।कार्यक्रम की प्रभारी श्रीमती वृंदा गौड़ ने बताया कि देवी अहिल्याबाई जी की 300वीं जयंती वर्ष के अंतर्गत कार्यक्रमों के श्रृंखला में नारी शक्ति को समर्पित मैराथन दौड़ राजवाड़ा से रीगल चौराहे तक सुबह 6:00 बजे आयोजित



की गई। जिसमें बड़ी संख्या में शहर की महिलाएं,खेल संगठन एवं आम नागरिक सम्मिलित हुए। मैराथन दौड़ में सांसद श्री शंकर लालवानी, संभाग प्रभारी श्री राघवेंद्र गौतम,विधायक श्री गोलू शुक्ला, श्री महेंद्र हार्डिया,श्री मधु वर्मा, कार्यक्रम की सहसंयोजक श्रीमती वृंदा गौड़,श्रीमती अंजू माखीजा,श्री दिनेश वर्मा, पार्षद श्री कमल वाघेला,श्री राजीव जैन,सुश्री रूपाली पेंढारकर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# 31 मई को भोपाल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंदौर मेट्रो को वर्चुअली दिखाएंगे हरि झंडी

## पुण्यश्लोका मां अहिल्या बाई होलकर के नाम पर होगा मेट्रो टर्मिनल

रंजीत टाइम्स

इंदौर। आगामी 31 मई को इंदौर मेट्रो का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी द्वारा मां अहिल्या की 300 वी जयंती के उपलक्ष में भोपाल के जंबूरी मैदान में आयोजित होने वाले महिला सशक्तिकरण से वर्चुअली किया जाना है। इसी विषय पर जावरा कंपाउंड स्थित भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी जिसमें नगर के वरिष्ठ पदाधिकारी समेत सभी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। पुण्यश्लोक लोकमाता देवी अहिल्याबाई की होलकर की 300 वी जन्मजयंती वर्ष के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं इसी के निमित्त 31 मई को भी भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे और इस कार्यक्रम से इंदौर मेट्रो को वर्चुअल हरी झंडी भी दिखाएंगे। भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश संगठन ने देवी अहिल्या की नगरी इंदौर में महिला सशक्तिकरण को समर्पित कार्यक्रम इंदौर में रखने को मंजूरी दी है।

इस अवसर पर इंदौर नगर भाजपा द्वारा गांधीनगर स्थित मेट्रो टर्मिनल पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसकी रूपरेखा भाजपा कार्यालय पर तय की की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गी भी उपस्थित रहे , प्रदेश भाजपा संगठन के निर्देश पर 31मई को मेट्रो के शुभारंभ के अवसर पर होने वाले कार्यक्रम की जिम्मेदारी भाजपा नगर संगठन के मार्गदर्शन में होगा। मेट्रो टर्मिनल को इंदौर एयरपोर्ट की तरह लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर का नाम दिया जाएगा एवं मेट्रो टर्मिनल पर अहिल्या माता की मूर्ति भी स्थापित की जाएगी मूर्ति स्थापित करने की जिम्मेदारी श्री इंदौर के महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव जी को सौपी है। श्री विजयवर्गीय ने बताया कि हमारे लिए यह काफी गौरव का विषय है कि इंदौर शहर ने टेंपो से लेकर मेट्रो तक का सफर तय किया है भारतीय जनता पार्टी की नगर निगम में पिछले 25 वर्ष के कार्यकाल में इंदौर में जमकर विकास हुआ है और इसी का एक बहुत बड़ा उदाहरण इंदौर मेट्रो है




इंदौर के नगर वासी और हम सब इस अमूल्य अवसर के साक्षी बने औऱ मेट्रो के शुभारंभ के कार्यक्रम को सफल और अविस्मरणीय बनाये। चुकी यह कार्यक्रम लोकमाता देवी अहिल्याबाई को समर्पित है इसलिए शुभारंभ के बाद शहर की महिला शक्ति को मेट्रो में 7 जून तक मेट्रो में निशुल्क सफर भी कराया जाएगा।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी विकास का दूसरा नाम है प्रदेश में एवं इंदौर शहर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में कितने भी विकास कार्य हुए हैं उसमें इंदौर मेट्रो एक बहुत बड़ा उदाहरण है श्री सुमित मिश्रा ने बताया कि क्योंकि यह कार्यक्रम देवी अहिल्या माता को समर्पित है इसलिए इंदौर की सभी माता बहनों का इस कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण योगदान एवं स्थान होना चाहिए श्री मिश्रा ने बताया कि हर मंडल से करीब 100 महिलाएं इस कार्यक्रम में उपस्थिति रहेगी एवं आतंकवादियों के विरुद्ध भारतीय सेवा एवं सरकार के द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को ध्यान में रखते हुए सभी महिलाएं भगवा रंग की वेशभूषा में मेट्रो के शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित रहेंगे।इस अवसर पर पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन जी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री मधु वर्मा, श्री महेंद्र हडिया पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष श्री प्रताप करोसिया, प्रदेश प्रवक्ता श्री आलोक दुबे, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्री दीपक जैन टीनू,पूर्व महापौर श्रीमती उमाशशि शर्मा, पूर्व नगर अध्यक्ष श्री कैलाश शर्मा, नगर महामंत्री श्री सुधीर कोल्हे, श्रीमती सविता अखंड एवं श्रीमती अंजू माखीजा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री जी की राष्ट्र निर्माण की नीतियां देवी अहिल्याबाई से प्रेरित हैं




## वन नेशन वन इलेक्शन समय की आवश्यकता है - शिव प्रकाश

रंजीत टाइम्स

इंदौर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री श्री शिव प्रकाश जी ने इंदौर भाजपा कार्यालय पर संगठन के प्रमुख कार्यकर्ताओं के बीच देवी अहिल्या त्रिशताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों व वन नेशन वन इलेक्शन अभियान की व्यापक समीक्षा की कहा कि देवी अहिल्या बाई होल्कर ने समाज व राष्ट्र उत्थान के कार्यों में आदर्श स्थापित किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में राष्ट्र निर्माण की नीतियां देवी अहिल्याबाई होल्कर की नीतियों से प्रेरित है. उनके जीवन से देश की प्रत्येक नारी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने देवी अहिल्या बाई की सेवा, त्याग, तपस्या, सुशासन, लोक कल्याण और धर्म व आध्यात्म को लेकर किए गए कार्यों की विस्तार से चर्चा की।

सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने मे देवी अहिल्याबाई होल्कर ने हमारी सनातन सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वर्तमान में हमारी सरकारें जिस उद्देश्य व ध्येय के साथ आगे बढ़ रही हैं, कहीं ना कहीं राष्ट्र निर्माण की हमारी यह प्रक्रिया देवी अहिल्या बाई होल्कर की नीतियों से प्रेरित हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र व राज्य की भाजपा सरकारें भी हमारी सांस्कृतिक विरासतों को संरक्षित करने के लिए कृत संकल्पित हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भाजपा सरकारों के अंत्योदय का लक्ष्य 'सबका साथ-सबका विकास' के मूल मंत्र के साथ सभी को पक्का आवास दिलाना है, जो देवी अहिल्याई के शासन व्यवस्था से प्रेरित है। उन्होंने जिस तरह शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार किए और बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए विद्यालय खोले तथा स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बनाई गई नई भारतीय शिक्षा पद्धति ग्रामीण व शहरी भारत का भविष्य है। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने देवी अहिल्याबाई त्री शताब्दी वर्ष के संगठनात्मक कार्यक्रमों व संगठन के आगामी कार्य योजना की जानकारी दी, इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती,भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, इंदौर संभाग भाजपा संगठन प्रभारी राघवेंद्र गौतम,वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण मुरारी मोघे ,बाबू सिंह रघुवंशी विधायक मालिनी गौड़ ,उषा ठाकुर,मनोज पटेल,मधु वर्मा,सूरज केरो,घनश्याम शेर सहित वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित थे।

# सुंदरम फाइनेंस ने इंदौर और धमनोद में सुंदरम ग्रामीण रथ निकाला

**रंजीत टाइम्स**

इंदौरः सुंदरम फाइनेंस ने मध्य प्रदेश के ग्रामीण बाजारों में अपनी उपस्थिति को गहरा करने के लिए एक रणनीतिक कदम उठाया है। इसके तहत सुंदरम ग्रामीण रथ नामक रोड शो का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य इंदौर और धमनोद और उनके आसपास के क्षेत्रों के कृषि प्रधान इलाकों में ग्राम प्रधानों (सर्पंचों) और प्रमुख ग्रामीण प्रभावशाली व्यक्तियों से सीधे जुड़ना है। इंदौर और धमनोद शाखाएँ लगभग 60 गाँवों को कवर करती हैं, और इस रोड शो के दौरान वे वहाँ के सर्पंचों और सोसाइटी मैनेजर्स से मिलेंगे।



यह पहल सुंदरम फाइनेंस को अपने ग्रामीण ग्राहकों के बीच विश्वास और नजदीकी बनाने का एक अच्छा मौका देती है। यह ऑन-ग्राउंड ऐक्टिविटी सुंदरम फाइनेंस की ट्रैक्टर फाइनेंसिंग योजनाओं के बारे में जागरूकता और पहुंच बढ़ाने के लिए किया जा रहा है, जो विशेष रूप से भारत के किसान समुदाय को सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। कृषि इन क्षेत्रों की रीढ़ की हड्डी है, और सुंदरम ग्रामीण रथ एक मोबाइल आउटरीच प्लेटफॉर्म के रूप में काम करेगा, ट्रैक्टर फाइनेंस के अलावा, अन्य कृषि उपकरणों और कारों पर अर्द्ध वार्षिक किस्त भुगतान सुविधा के बारे में विशेष रूप से तैयार किए गए फाइनेंसिंग समाधान भी दिखाए जाएंगे, साथ ही छोटे कमर्शियल वाहन (SCVs) और कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट बैकहोज लोडर्स के लिए फाइनेंसिंग विकल्प भी प्रस्तुत किए जाएंगे, जो ग्रामीण भारत की बढ़ती गतिशीलता और बुनियादी ढांचे की जरूरतों को पूरा करने में सहयोग करेंगे हमारा उद्देश्य इस रोड शो के माध्यम से अपने ग्राहकों से उनके दरवाजे पर मिलना और उन्हें आसान पारदर्शी तरीके से वित्तीय समाधान प्रदान करना है, जो कृषि यांत्रिकीकरण की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाते हुए किसानों की आकांक्षाओं को पंख देते हैं। सर्पंच एवं कृषि सोसाइटी प्रबंधकों से जुड़कर, कंपनी का विश्वास निर्माण करना और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना है ।

## भारत की विश्वसनीय सहकारी संस्था बुलढाणा अर्बन संस्था द्वारा धार रोड स्थित कीमती गार्डन पर अध्यक्ष डॉ सुकेश जी झवर का नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोनीत होने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया



### जिसमें संस्था से जुड़े समनीय गणो की मौजूदगी में सम्मान समारोह की शुरुआत की गई

**रंजीत टाइम्स**

भारत की विश्वसनीय सहकारी संस्था बुलढाणा अर्बन के मध्य प्रदेश विभाग द्वारा संस्था के नवनिर्वाचित अध्यक्ष माननीय डॉक्टर श्री सुकेश जी झवर का सम्मान समारोह एवं मिलन समारोह का आयोजन शाम 6:00 बजे आयोजित किया गया !इस अवसर पर (सांसद)माननीय श्री शंकर लालवानीजी एवं (विधायक) श्रीमती मालिनी गौड़ जी एवं अमरेश जी बियानी (अध्यक्ष क्लॉथ मार्केट को ऑपरेटिव बैंक इंदौर) प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता गण, पत्रकार मित्र, व्यापारीगण, स्वर्णकार गण एवं अनेक सामाजिक संगठन द्वारा माननीय डॉक्टर सुकेश जी झंवर का स्वागत पुष्पमाला एंव पुष्प गुच्छ द्वारा किया गया !इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किये एवं आदरणीय सुकेश जी झंवर जी ने अपना मार्गदर्शन प्रदान किया !इस अवसर पर बड़ी संख्या में संस्था के सदस्य ,व्यापारी, शहर के गणमान्य नागरीक एवं क्षेत्र प्रबंधक श्री राजेश जी झंवर ,शाखा प्रबंधक एवं विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भगवान श्रीकृष्ण ने पत्रिका से चार गुना बढाकर 56 करोड का मायरा भरा था- पं. मुरारी

झाबुआ - भगवान श्रीकृष्ण के परम भक्त नरसिंह मेहता से जुडी तीन दिवसीय नानीबाई का मायरा ,संगीतमय कथा का समापन मंगलवार रात्रि में हुआ। बामनिया के पटवा काम्पलेक्स में चल रही इस कथा के मुख्य यजमान मुकेश गवली ( यादव )परिवार थे। सुप्रसिद्व कथाकार एवं भजन गायक पं. अनिरूद्ध मुरारी ने तीन दिवसीय तक भक्त और भगवान से जुडी इस अमर कथा का अपने मधुर स्वर से सुन्दर भजनों सहित श्रद्वालुओं को रसपान कराया।

कथा के आरंभ दिवस में पं. मुरारी ने भगवान के परम भक्त नरसिंह मेहता के जीवन वृतांत और उनकी सुपुत्री नानीबाई से संबंधित विस्तृत कथा प्रस्तुत की। कथा के दूसरे दिन पं. मुरारी ने नानीबाई की बेटी घिग्घीबाई के जूनागढ से अंजार नगर पहुंचने का प्रसंग मधुर भजनों के साथ सुनाया। जिसमें नानीबाई की बेटी का विवाह सूरत के नगर सेठ के यहां तय हुआ। विवाह में इष्ट देवता सहित सभी को निमंत्रण भेजा। नानीबाई के पिता नरसी मेहता को भी बुलाया जबकि नरसी



मेहता ने अपना सब कुछ निर्धनों में दान कर दिया था और प्रभु भक्ति में लीन रहते थे। इसी कारण नानबाई के ससुराल वाले उन्हें निर्धन मानते थे। ससुराल वालों ने मायरे की लंबी सूची भेजी जिसमें सोना , चांदी , नगदी , कपडे से लेकर विभिन्न सामग्रियां लिखी थी। नरसिंह मेहता ने यह सूची अपने प्रभु श्रीकृष्ण को दे दी और भगवान श्रीकृष्ण अपने भक्त नरसिंह मेहता की लाज रखने के लिए नानीबाई के घर मायरा लेकर पहुंचे थे।

कथा के अंतिम दिन कथावाचक पं.अनिरूद्व मुरारी ने बताया कि यह कथा भक्त नरसी मेहता के जीवन से जुडी है जिन्होंने अपनी बेटी नानीबाई की बेटी के विवाह में मायरा भरने के लिए भगवान पर भरोसा किया। लम्बी चौडी मायरे की सूची को लेकर नरसी मेहता ने भगवान श्रीकृष्ण को कहा था कि यह कार्य अब आपके ही हाथ है। और फिर भगवान राधा और रूखमणी सहित नरसिंह मेहता के साथ मायरा भरने पहुंचे। भगवान ने मायरा पत्रिका से चार गुना बढाकर 56 करोड का मायरा भर दिया। कथा के अंतिम दिवस भगवान श्रीकृष्ण द्वारा 56 करोड का मायरा लेकर आने का सुन्दर चित्रण किया गया। भगवान श्रीकृष्ण का नानीबाई ने अपने ससुराल में स्वागत किया और उसके बाद भगवान ने नानीबाई के ससुराल पक्ष और नगरभर के लोगों को मायरे की सामग्री भेंट की। कथा के दौरान पं.मुरारी के मधुर भजनों पर श्रद्वालु जमकर झूमे। आयोजन के समापन पर महाआरती के बाद भगवान को 56 भोग महाप्रसादी के रूप में लगाए गए। स्वस्तिक भोजनालय बामनिया के मुकेश गवली (यादव ) परिवार द्वारा मुख्य यजमान के रूप में कथा का आयोजन करवाया। आयोजन में अशोक लोदावरा, गजानंद राठौर, अभय मूणत, आदि का प्रमुख सहयोग रहा। तीन दिवसीय आयोजन में नगर सहित समीपी ग्राम अमरगढ , नारेला , रामपुरिया, आदि विभिन्न ग्रामों के भी श्रद्वालु बडी संख्या में सम्मिलित हुए और धर्मलाभ लिया।

# शादी समारोह में शामिल होने जा रहे मोटरसाइकिल सवार दंपति की मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ने के कारण फिसली, पति-पत्नी और दोनों बच्चों को आई गंभीर चोट

ऋषि गोस्वामी

## मेहगांव थाना 108 इमरजेंसी एंबुलेंस 5938 के पायलेट मुरारी लाल गोस्वामी द्वारा पहुंचाया गया शीघ्र मेडिकल कॉलेज ग्वालियर

भिंड मेहगांव जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार रात्रि 8:00 बजे की है जिसमें मेहगांव थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम गिगरखी की है, जहां ग्वालियर से मेहगांव के एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे मोटरसाइकिल सवार दंपति आरती पति राघवेंद्र पिता अशोक जोशी उम्र 35 निवासी मेहदौली गोरमी, हाल निवास ग्वालियर और उनके दो बच्चे पार्थ उम्र 10 साल, एवं पुत्री पीयूष उम्र 12 साल जिनकी मोटरसाइकिल रोड पर असंतुलित होकर फिसलने के कारण गंभीर चोट के शिकार हो गए सभी घायलों को तुरंत ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गांव पहुंचाया गया प्राथमिक उपचार के बाद कलम पीयूष के सर में और हाथ पैर में गहरी चोटें थीं और पार्थ जिसके हाथों पर में चोटें और राघवेंद्र के सर और हाथ पैरों में भी काफी चोटें थीं इस कारण के सभी की गंभीर अवस्था को देखते हुए डॉक्टर ने तुरंत मेडिकल कॉलेज ग्वालियर के लिए मेहगांव थाना 108 इमरजेंसी एंबुलेंस 5938 की मदद से रेफर कर दिया, इस घटना में बच्चों के सिर और हाथ पैरों में काफी गंभीर चोटे आई, तथा बच्चों के पिता और माता के सर में और हाथ पैरों में भी काफी गंभीर चोट आई थी ,108 एमरजैंसी एम्बुलेंस के पायलट मुरारी लाल गोस्वामी और के सहयोगी ईएमटी संतोष ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को शीघ्र मेडिकल कॉलेज ग्वालियर पहुंचाकर भर्ती करवाया उनका इलाज चालू करवाया।



# चेकिंग में पकड़ा गोवंश परिवहन , पिकअप में 5 गो-वंश बरामद

आशीष शर्मा

सनावद-थाना क्षेत्रो में हो गौवंश परिवहन की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु संभाग और जिले के अधिकारियों द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बड़वाह श्रीमति अर्चना रावत के निर्देशन मे सनावद थाना प्रभारी रामेश्वर ठाकुर के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा थाना सनावद के सामने लगातार वाहन चैकिंग की जा रही है। जिसके रहते सोमवार कुल 01 पिकअप में 05 गो-वंश बरामद एवं एक आरोपी को पकड़कर कुल मश्रुका 11 लाख,60 हजार रुपये का जप्त किया गया।दिनांक 26 मई को वाहन चैकिंग के दौरान इन्दौर तरफ से पिकअप क्रमांक एमपी-07-ओग-0184 आते दिखी जिसे रोककर चैक किया पिकअप में 02 केडे व 03 बैल ठूसठूस कर भरे हुये थे, चालक का नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम राकेश पिता जगदीश गोदरे जाति भिलाला उम्र 30 साल निवासी खुटपल थाना जावर जिला खण्डवा का होना बताया। पिकअप में भरे बैल घूमने फिर भी नहीं पा रहे थे, तथा उनके चारा पानी की कोई व्यवस्था नही थी, क्रुरता पूर्वक भरे हुये पाये गये जो आरोपी चालक राकेश का कृत्य धारा 11(1) (घ) पशुओ के प्रति क्रुरता निवारण अधिनियम का दण्डनीय पाया जाने से पंचान तुषार पिता जयश शर्मा उम्र 20 साल निवासी पंडित कालोनी सनावद एवं मोहित पिता सरदार मुजाल्दे उम्र 27 साल निवासी खुटपल के समक्ष उक्त बैलो को जप्त कर जप्ति पत्रक तैयार किया गया।

आरोपी को तामिल किया नोटिस-प्रकरण मे सजा 07 साल से कम होने व आरोपी राकेश को गिरफ्तार करने का अन्य कोई उचित कारण नही होने से गिरफ्तार नही किया गया। माननीय वरिष्ठ न्यायालय के निर्देशो को पालन मे आरोपी राकेश को धारा 35 (1) बीएनएसएस का नोटिश तामील किया गया। बाद जप्त बैलो को गोपाल गौशाल




सनावद में सुरक्षा रखवाये गये एवं जप्त पिकअप को सुरक्षार्थ थाना परिसर मे खड़ा किया जाकर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

# सनावद मंडी में हमालों ने आवेदन देकर रोका कार्य

## नीलामी कार्य नहीं होने से किसानों का हंगामा,तहसीलदार के प्रयास के 3 घंटे बाद शुरू हुआ नीलामी का कार्य,हम्माली दर बढ़ाने को लेकर हम्मालों ने किया काम बंद

आशीष शर्मा

सनावद -शहर की कृषि उपज मंडी के हम्मालों ने 21 मई को मंडी सचिव को आवेदन देकर तुलाई कार्य की हम्माली दर बढ़ाने की मांग को लेकर आवेदन दिया था। छह दिन बाद भी मामले का समाधान नहीं होने पर मंगलवार को हम्माल संघ ने काम पूरी तरह बंद कर दिया। इधर मंडी में आए 100 से अधिक वाहन तुलाई के लिए इंतजार करते रहे। इसके बाद करीब 11 बजे से किसानों ने हंगामा शुरू कर दिया। दोपहर 2.30 बजे तहसीलदार मुकेश मचार के आश्वासन के बाद किसानों का हंगामा खत्म हुआ और वाहन खरीदे गए। कृषि उपज मंडी में मूंग, तुवर, चना डालर व अन्य उपज के वाहन बड़ी संख्या में पहुंचे थे।

मंगलवार को जब किसान अपनी उपज के वाहन लेकर मंडी पहुंचे तो वहां पता चला कि हम्माल संघ ने हड़ताल कर दी है। इसके कारण तुलाई का काम नहीं होगा। किसानों ने इस संबंध में सकारात्मक पहल के लिए मंडी सचिव से चर्चा की। मंडी सचिव लक्ष्मणसिंह ठाकुर ने उनकी बात को सुना व हम्माल संघ के आवेदन की बात किसानों के सामने रखी। लेकिन किसान इस बात को मानने को तैयार नहीं थे। अपनी उपज की गाड़ी लेकर आए किसान हंगामा करते हुए खरीदी करने की मांग करने लगे। करीब दो घंटे से अधिक समय चले हंगामे के बीच किसानों की बात को मंडी सचिव ने सुना व समझाने का प्रयास किया। लेकिन किसानों ने हंगामा करते हुए चक्काजाम की चेतावनी दी। तहसीलदार ने मंडी में जाकर पहले हम्माल संघ और फिर किसानों व व्यापारियों से चर्चा कर समस्या का समाधान निकालने का प्रयास किया। मंडी सचिव ने अनाज मंडी में नीलामी काम बंद करने की बात कही। उन्होंने बताया हम्मालों की समस्या का निराकरण होने तक अनाज मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा। किसान अपनी उपज विक्रय के लिए मंडी प्रांगण में न लाएं।

रणजीत टाइम्स
इंदौर, गुरुवार 29 मई 2025

# खरगोन के जगदीश जोशीला पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित



**दीपक तोमर**

खरगोन मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के गोगांवा निवासी, 76 वर्षीय साहित्यकार जगदीश जोशीला को 27 मई 2025 को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री श्री अमित शाह भी उपस्थित थे। यह सम्मान उन्हें साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया है। जोशीला, जिन्हें निमाड़ी गद्य के जनक के रूप में जाना जाता है, देश के एकमात्र निमाड़ी उपन्यासकार हैं। उन्होंने निमाड़ी और हिंदी में 56 से अधिक पुस्तकें लिखी हैं, जिनमें संत सिंगाजी, अहिल्या बाई होलकर, टंट्या भील और आदि गुरु शंकराचार्य जैसे विषयों पर उपन्यास शामिल हैं। उनकी रचनाओं ने निमाड़ की संस्कृति, बोली और लोक कलाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। जोशीला का जन्म एक श्रमिक परिवार में हुआ था, और उन्होंने माहेश्वरी साड़ियों की बुनाई जैसे कार्यों से जीवन यापन किया। प्रसिद्ध साहित्यकार माखनलाल चतुर्वेदी ने उन्हें "जोशीला" उपनाम दिया, जो उनकी ऊर्जावान लेखनी को दर्शाता है। 2001 में उन्होंने अखिल निमाड़ लोक परिषद की स्थापना की, जिसने निमाड़ी बोली को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जोशीला ने इस पुरस्कार को निमाड़ और निमाड़ी बोली का सम्मान बताया, जो उनके साहित्यिक संघर्ष और समर्पण का प्रतीक है श्री जगदीश जी जोशीला का आज दिल्ली से इंदौर आगमन पर इंदौर एयरपोर्ट पर प्रातः 10:45 बजे समाज द्वारा तथा अन्य गण मान्य नागरिकों द्वारा सम्मान किया जाएगा तथा दोपहर 12 बजे से 01 बजे तक एमराल्ड गार्डन केंट रोड पर रहेंगे। इसके पश्चात दोपहर 02.30 बजे धामनोद, 03 बजे महेश्वर, 03.30 बजे मंडलेश्वर, 04 बजे कसरावद, 05.15 बजे खरगोन तथा शाम 06 बजे गोगावां आगमन पर उनका स्वागत किया जाएगा। रात्रि 7:30 बजे हंसराज गार्डन पर सह भोज के साथ स्वागत कार्यक्रम का समापन होगा।

# शनि जयंती पर मंदिरों में पूजन एवं महिला मंडल द्वारा भंडारा



गोटेगांव नगर में शनि जयंती हिंदू धर्म में भगवान शनि के जन्मोत्सव के रूप में मनाई जाती है यह पर्व विशेष रूप से उन लोगों के द्वारा मनाया जाता है जो भगवान शनि देव की कृपा प्राप्त करना चाहते हैं भगवान शनि का जन्म भगवान सूर्य देव और उनकी पत्नी छाया के पुत्र रूप में प्राप्त हुआ था हिंदू पंचांग के अनुसार शनि जयंती ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को मनाई जाती है ।

यह तिथि आमतौर पर मई या जून महीने में मनाई जातीहै इस वर्ष 2025 में शनि जयंती 27 मई दिन मंगलवार को मनाई गई लोगों में शनि जयंती के दिन विशेष उत्साह देखा गया मंदिरों में विभिन्न प्रकार की वस्तुओं का भंडारे के रूप में प्रसाद वितरित किया शनिदेव को प्रिय चीज जैसे उड़द की दाल, गुड, चना, इमरती और अन्य प्रकार की खाद्य वस्तुओं का प्रसाद के रूप में भोग लगाया गया शनि देव को लोग दंड देने वाले दंडाधिकारी के रूप में भी जानते हैं और उनकी विशेष कृपा प्राप्त करने के लिए शनि के विशेष मंत्र ओम शंग शनिश्चराय नमः का जाप भी करते हैं शनि देव को तिल,तेल काले वस्त्र, नीले फूल अर्पित किए जाते हैं शनि की पूजा करने से शनि की साढ़ेसाती,ढइया और अन्य कष्टों से मुक्ति मिलती है जय शनि देव महाराज महिला मंडल से प्रमुख रूप से इनकी उपस्थिति रही श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव,प्रभा विश्वकर्मा,नंदिनी जौहरी, सोनाली नामदेव,अनिता राय,मंजू गुप्ता,पुष्पा गुप्ता आदि की उपस्थिति रही।

# क्षत्रिय राजपूत महासभा द्वारा आज मनाई जाएगी महाराणा प्रताप जयंती

गोटेगांव नगर में आज जिला स्तरीय महाराणा प्रताप की जयंती मनाई जाएगी, राष्ट्र गौरव कुलभूषण वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप का गौरवशाली इतिहास और परंपराओं वं पूर्वजों के इतिहास की पुनर्स्थापना के प्रयास से महाराणा प्रताप जयंती को शौर्य दिवस के रूप में राजपूत क्षत्रिय सभा गोटेगांव के तत्वावधान में मनाया जा रहा है, कार्यक्रम दिनांक 29 मई 2025 दिन गुरुवार को समय शाम 4:00 बजे से स्थान मां गार्डन कुम्हड़ाखेड़ा गोटेगांव में रखा गया है,वहीं क्षत्रिय सभा का कहना है महाराणा प्रताप जैसे महापुरुष किसी एक समाज के नहीं है अपितु वह राष्ट्र के गौरव है। कार्यक्रम में जिला क्षत्रिय महासभा नरसिंह पुर,करेली,गाडरवारा,साईखेड़ा महासभा,करणी सेना नरसिंहपुर सह आयोजनकर्ता है,एवं क्षत्रिय राजपूत महासभा गोटेगांव आयोजनकर्ता है। कार्यक्रम में सभी नागरिकों से सदर उपस्थिती की अपील की गई है।



# शिवपुरी में देवी अहिल्याबाई होल्कर की भव्य शोभा यात्रा 31 मई को




शिवपुरी।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वी जयंती शिवपुरी में धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर होलकर सेना शिवपुरी द्वारा एक भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी काली माता मंदिर से प्रारम्भ होकर मानस भवन पहुंचेगी। शिवपुरी होलकर सेना के जिला अध्यक्ष पंकज पाल ने बताया कि प्रतिवर्ष शिवपुरी में देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती होलकर सेना के तत्वाधान में पाल बघेल समाज द्वारा धूमधाम से मनाई जाती है। इस वर्ष भी होलकर सेना द्वारा माता अहिल्याबाई की भव्य शोभा यात्रा 31 मई को सुबह 10 से निकाली जाएगी जो काली माता मंदिर से प्रारम्भ होकर झांसी तिराहा, गुरुद्वारा चौक, माधव चौक, कोर्ट रोड़, अस्पताल चौराहा होते हुए मानस भवन पहुंचेगी। होलकर सेना के पदाधिकारी शोभायात्रा को भव्य बनाने लिए गांव गांव एब शहर में लोगों से संपर्क कर शिवपुरी आने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। होलकर सेना ने सभी समाज बन्धुओं से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर देवी अहिल्याबाई होलकर की शोभायात्रा को सफल बनाने की अपील की है।

# ट्रेन से गिरी नवविवाहिता, पति ने लगा दी छलांग: कंधे पर लाश लेकर एक किमी चला



**शिवपुरी में मंगलवार रात 21 साल की युवती की चलती ट्रेन से गिरने से मौत हो गई। पत्नी को बचाने के लिए पति ने भी ट्रेन से छलांग लगा दी। इसके बाद करीब डेढ़ किलोमीटर पीछे लाश मिली। पति कंधे पर रखकर आधा किलोमीटर पैदल ही चला। बाद में सड़क मिलने पर पुलिस की मदद से अस्पताल पहुंचा। पति का आरोप है कि इससे पहले रेलवे पुलिस (जीआरपी) के जवान उससे कह रहे थे- भागकर जा रहे हो, यहां से लिखा-पढ़ी के बाद ही जाने देंगे। ग्वालियर के रहने वाले एडवोकेट विकास जोशी की शादी 16 अप्रैल को यूपी के जालौन के उरई की रहने वाली शिवानी शर्मा से हुई थी। विकास जोशी इंदौर की गोविंद कॉलोनी में रहकर वकालत करते हैं। पत्नी शिवानी एलएलबी की छात्रा थी। विकास के मुताबिक वह उसे परीक्षा दिलाने उरई ले गए थे। परीक्षा के बाद मंगलवार को दोनों ग्वालियर लौटे थे और इसके बाद इंदौर लौटने के लिए शाम 6.50 बजे उज्जयिनी एक्सप्रेस ट्रेन (14310) में सवार हुए।**

## शिवानी को उल्टी आ रही थी, गेट के पास बैठी

शिवानी एस-4 कोच में अपर बर्थ नंबर-16 पर लेटी थी। ट्रेन शिवपुरी रेलवे स्टेशन से चलने के चार किलोमीटर बाद रात करीब 9 बजे शिवानी को अचानक उल्टियां आने लगीं। उसने कहा- सांस लेने में तकलीफ हो रही है।

मैंने कहा कि थोड़ी देर बैठ जाओ, पानी पी लो।

इसके बाद भी उसे ज्यादा तकलीफ हुई तो वह ट्रेन के गेट के पास बैठकर उल्टी करने लगी। मैं सीट पर पानी लेने के लिए गया और जब लौटा तो गेट पर खड़े एक लड़के ने बताया कि उनका पैर फिसल गया और वह ट्रेन से गिर गईं। टॉर्च लेकर पत्नी को ढूंढा, किसी ने मदद नहीं की ये सुनकर मैं घबरा गया और दौड़कर चेन खींची। ट्रेन के रुकने में टाइम लग रहा था, मुझे कुछ नहीं सूझा, मैंने चलती ट्रेन से छलांग लगा दी। इस दौरान ट्रेन 1 किमी आगे निकल चुकी थी। टॉर्च लेकर मैंने उसे ढूंढा। उसे रातौर क्रॉसिंग के पास सड़क पर ले आया। आसपास मदद करने के लिए कोई नहीं दिख रहा था।

## पुलिसवालों ने कहा- लिखा-पढ़ी के बाद जाने देंगे

इसके बाद मैं खुद ही आधे रास्ते चला गया, जीआरपी वाले आ गए। वह उल्टा मुझसे ही कहने लगे कि तुम भागकर जा रहे हो, लिखा-पढ़ी के बाद जाने देंगे। इसके बाद हाईवे पर पुलिस मिली। 15 मिनट के अंदर उन्होंने एक कार से अस्पताल भिजवाया। यहां चेकअप के बाद डॉक्टर ने शिवानी को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस ने बुधवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। फिलहाल, सभी एंगल से घटना की जांच की जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही शिवानी का भाई भी पहुंच गया है। हालांकि उसकी ओर से किसी तरह की आशंका नहीं जताई गई है।

## सिर और मुंह में गंभीर चोट आने शिवानी की मौत

कोतवाली एसआई सुमित शर्मा ने बताया कि मर्ग कायम किया गया। महिला की मौत सिर और मुंह में चोट आने से हुई है। मायके वालों ने फिलहाल कोई आरोप नहीं लगाए हैं। शव का पोस्टमॉर्टम पैनल से कराया गया है।

# भाजपा पार्षद और महिला लड़ी, दोनों में आग लगी:शिवपुरी में बहस के बाद डेढ़ मिनट जलती रही; एक 20% और दूसरी महिला 95% झुलसी

रंजीत टाइम्स

शिवपुरी। शिवपुरी में विवाद के दौरान भड़की आग से बीजेपी की महिला पार्षद और एक अन्य महिला बुरी तरह झुलस गईं। पार्षद (वार्ड-27) सुमन बाथम 20% तक झुलसी हैं और खतरे से बाहर हैं। वहीं, न्यू दर्पण कॉलोनी की रहने वाली रानी नामदेव करीब डेढ़ मिनट तक जलती रही। वो करीब 95% झुलस गई हैं। दोनों को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज शिवपुरी भेजा गया, जहां से रानी को ग्वालियर रेफर किया गया है। जानकारी



के मुताबिक रानी नामदेव ऑटो रिक्शा से पार्षद सुमन बाथम के घर पहुंची थी। दोनों के बीच किसी पुराने विवाद को लेकर बहस हो रही थी। दोनों के बीच झड़प हुई। इसी दौरान अचानक आग भड़क उठी। जिसकी चपेट में दोनों महिलाएं आ गईं। पार्षद सुमन बाथम जलते हुए भागी। शोर सुनकर परिवार के लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की। पेट्रोल से आग फैलने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, यह अभी साफ नहीं है कि पेट्रोल कहां से आया और आग कैसे लगी।

# खबर का असर

## बामनिया रेल्वे स्टेशन पर प्रवेश मार्ग के दुरस्तीकरण का कार्य हुआ आरंभ

### लोगों की मांग कार्य हो गुणवत्ता के साथ





राजेश सोनी
रंजीत टाइम्स

झाबुआ : बामनिया रेल्वे स्टेशन तक पहुंच मार्ग की जर्जर अवस्था और प्रवेश के स्थान पर लगाए गए बेरिकेडस के समीप तक के जर्जर एवं उबड-खाबड मार्ग से लोगों को अब निजात मिलने वाली है। रेल्वे द्वारा इस मार्ग के दुरूस्तीकरण का कार्य आरंभ कर दिया है। गौरतलब है कि रणजीत टाइम्स ने 1 मई को आमजन की इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसके बाद रेल्वे ने इस जर्जर मार्ग की सुध ली और मरम्मत कार्य आरंभ किया। लम्बे समय बाद मिलने वाली आवागमन की सुविधा को लेकर लोगों ने कार्य की गुणवत्ता की मांग की है।

### ये है मामला

बामनिया रेल स्टेशन पर मुख्य सडक मार्ग से पहुंच मार्ग लम्बे समय से जर्जर अवस्था रहा है। स्टेशन से बाहर निकलने के लिए बने टीनशेड तक तो रेल्वे द्वारा सीमेंटीकरण किया हुआ है किन्तु उसके ठीक बाद लगाए गए लोहे के पाईप से बनाए गए बेरिकेडस के समीप ही फर्श क्षतिग्रस्त हो रहा है, जबकि बेरिकेडस के बाद कच्चा मार्ग है। अपने गतंव्य तक रेल यात्रा करने के लिए स्टेशन में प्रवेश एवं रेल यात्रा कर स्टेशन से बाहर आने के समय बेरिकेडस वाले भाग में क्षतिग्रस्त फर्श के कारण यात्रियों को गिरते पडते देखा जा रहा है ऐसे में अक्सर यहां गंभीर चोट एवं हादसे की भी आशंका बनी हुई है। खासकर सुबह दाहोद-भोपाल डीएमयू ,उज्जैन-दाहोद मेमू ,एवं सांयकालीन दाहोद-उज्जैन मेमू, कोटा- वडोदरा पार्सल यात्री गाडियों के समय यहां यात्रियों की आवाजाही अधिकतम रहती है जिन्हें बेरिकेडस के सीमित स्थान से जल्दी में निकलना पडता है, ऐसे समय यात्रियों का ध्यान भी स्टेशन के अन्दर प्रवेश करने और बाहर निकलने में रहता है और इसी क्षेत्र में टूटे फूटे एवं असमतल फर्श पर फिसलने ,गिरने की घटना होती रहती है। आरंभ में तो रेल्वे द्वारा बेरिकेडस के रूप में लोहे की एंगल कटिंग कर लगा दी थी। जिससे काफी समय यात्रियों को आवाजाही में तकलीफ उठानी पडी थी बाद में यहां लोहे के पाईप लगाए गए किन्तु इस क्षेत्र के असमतल और उबड खाबड फर्श को दुरूस्त नहीं किया गया जो आज भी समस्या बना हुआ है।

### इनका कहना हैं -


समस्या को लेकर आपके द्वारा अवगत करवाया गया था, कार्य आरंभ किया गया हैं, बेहतर सुविधा मिल सके ऐसे प्रयास किये जायेंगे।

मिलिंद सोनवने, आईओ डब्लू, प्रभारी,मेघनगर

# सहजयोग















# श्री जगन्नाथ रथ यात्रा भव्य महोत्सव आज



## महोत्सव के लिए बैठक में विचार विमर्श किया

### नागदा

रंजीत टाइम्स

अंतर्राष्ट्रीय श्री कृष्ण भावना अमृत संघ इस्कान के संस्थापक आचार्य कृष्ण कृपा मूर्ति एवं भक्ति वेदांत स्वामी प्रभुपाद इस्कान उज्जैन के तत्वावधान में नागदा में श्री जगन्नाथ रथ यात्रा एवं भव्य महोत्सव का आयोजन विगत वर्ष अनुसार इस वर्ष भी आज किया जाएगा। शर्मा गली स्थित डॉक्टर शर्मा के निवास पर इस्कॉन ग्रुप एवं नगर के समाजसेवी, वैष्णव जन की बैठक रविवार को सम्पन्न हुई। बैठक में यात्रा से संबंधित विभिन्न व्यवस्था, सेवा एवं प्रशासनिक व्यवस्था प्रचार, प्रसार, नगर वासियों को आमंत्रण वितरण एवं रथ यात्रा को जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर भव्यता प्रदान करने के विषय पर विचार विमर्श किया गया। श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव का आयोजन सभी नगर वासियों के सहयोग एवं योगदान से संपन्न किया जाएगा। रथ यात्रा नगर में कृषि उपज मंडी, महात्मा गांधी मार्ग, जवाहर मार्ग, पुराना बस स्टैंड होती हुई आदि गौड़ ब्राह्मण समाज धर्मशाला पर संपन्न होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी नगर के समाज सेवी एवं प्रतिनिधियों से आयोजन मंडल द्वारा संपर्क किया जाएगा। रथ यात्रा में विशाल संख्या में नागदा व आसपास के वैष्णव महिला, पुरुष, बच्चे, विद्यार्थी सामाजिक संगठन ...
एवं समस्त धर्म अनुरागी को रथ यात्रा के संबंध में जानकारी शीघ्र ही विभिन्न प्रचार माध्यम से प्रेषित की जाएगी। बैठक में नगर के वैष्णव जन, इस्कॉन सेवा संचालक बृजेश शुक्ला, मुकेश डोडिया प्रभुजी, समाजसेवी डॉ. शर्मा, डॉक्टर अनंत शर्मा, रमेश पाल चौधरी, मनोज राठी किराना वाले, निलेश मेहता, आशीष खरे, यशस्वी चौबे, सोमदेव पाल, जयंत दास, आशुतोष शर्मा, अजय गरवाल, सूरज शर्मा,विपिन चौहान, मुकेश डोडिया, किशोर चौहान आदि मौजूद रहे। जानकारी मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।